मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 244
सोमवार, 24 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## हमें बिखरा हुआ नहीं, बल्कि एकजुट दिखना चाहिए : कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली, 23 मार्च।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को विपक्षी गठबंधन 'भारत' को एक खास सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को सार्वजनिक रूप से 'एकजुट' दिखने की कोशिश करनी चाहिए। इसके साथ ही सिब्बल ने विपक्षी गठबंधन के लिए एक औपचारिक ढांचे की वकालत की जिसमें प्रवक्ता होने चाहिए जो गठबंधन के विचारों को सामने रख सकें।

सिब्बल ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक ढांचे और कार्यक्रम की आवश्यकता है। हाल में राज्य विधानसभा चुनावों में इंडिया के सहयोगी दलों के बीच हुई तकरार के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, 'मेरा मानना है कि इसे (इंडिया) एकजुट दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि यह आम तौर पर दिखाई देता है।' उन्होंने कहा, 'इन्हें (इंडिया में शामिल दलों को) एक सुसंगत नीति, एक सुसंगत वैचारिक ढांचा और भविष्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम की आवश्यकता है।'

राज्यसभा सदस्य ने कहा, 'मैं राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर की बात नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सोचने के तरीके में एकरूपता होनी चाहिए और जब तक वह तंत्र स्थापित नहीं हो जाता और जब तक गठबंधन के प्रवक्ता नहीं होंगे जो इसके विचारों को सामने रख सकें, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।'

यह पूछे जाने पर कि क्या इंडिया गठबंधन के लिए एक



औपचारिक राजनीतिक ढांचा होना चाहिए, सिब्बल ने कहा कि वह लंबे समय से यह बात कहते आ रहे हैं। सिब्बल ने हालांकि विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भरोसा जताया। केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का गठन लोकसभा चुनाव से पूर्व किया था।

मौजूदा बजट सत्र के दौरान पेश किए जा सकने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक और विपक्ष के पास मौजूद विकल्पों के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि यह देखना होगा कि राजग गठबंधन के सहयोगी इस मामले में क्या करते हैं क्योंकि भाजपा के पास बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा, 'देखते हैं कि उनका रुख क्या है। बिहार में चुनाव होने वाले हैं। मुझे लगता है कि अगर वे विधेयक पेश करते हैं तो उन्हें इस बात की चिंता हो सकती है कि इसका बिहार में चुनाव पर क्या असर पड़ेगा।'

सिब्बल ने कहा, 'इसलिए मुझे नहीं पता कि इसका क्या नतीजा होगा। इसलिए हमें इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए। यदि विधेयक पारित हो जाता है तो निश्चित रूप से इसे चुनौती देने के इच्छुक लोगों के पास विकल्प मौजूद हैं।

विवादित परिसीमन मुद्दे पर सिब्बल ने कहा कि देश की राजनीति के लिए इसके बहुत गंभीर निहितार्थ हैं, इसीलिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बैठक बुलाई और कांग्रेस सहित कई दलों के नेताओं ने इसमें भाग लिया।

## नक्सली हताश हो चुके हैं क्योंकि उनके खिलाफ अभियान तेज हो रहा है : हेमंत सोरेन

**रांची, 23 मार्च।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि राज्य में सुरक्षा बलों के अभियान तेज होने से नक्सली हताश हो गए हैं। सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में आईईडी विस्फोट में शहीद हो गये केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।



यहां सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन मुख्यालय में इन शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया था। सोरेन ने पत्रकारो से कहा, सीआरपीएफ जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सली हताश हो चुके हैं क्योंकि उनके खिलाफ अभियान तेज हो रहा है... यह अभियान जारी रहेगा।

पुलिस के अनुसार, पश्चिमी सिंहभूम जिले में छोटानागरा थानाक्षेत्र के वानग्राम मरंगपोंगा जंगल में शनिवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की 193 वीं बटालियन के उप-निरीक्षक सुनील कुमार मंडल और एक अन्य जवान पार्थ प्रतिम घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची लाया गया जहां उपनिरीक्षक मंडल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, 23 मार्च।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं, जिसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों को प्रमुखता दी गई है।उन्होंने वेजलपुर स्टार्टअप उत्सव के समापन समारोह में कहा कि भारत का लक्ष्य यूनिकॉर्न की संख्या को मौजूदा 118 से बढ़ाकर 1,000 और 5,000 करना है। जिन स्टार्टअप का मूल्यांकन एक अरब डॉलर से अधिक होता है, उन्हें यूनिकॉर्न कहते हैं।केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में बनाए गए स्टार्टअप परिवेश ने नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोयल ने कहा, गुजरात के तत्कालीन



मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तेज गति से राज्य के विकास को सुनिश्चित किया।गुजरात का विकास तब देश का विकास बन गया। आज कई देश, विशेष रूप से विकासशील देश, भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विकास मॉडल में स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुष्मान भारत जैसी कई पहल जोड़ी हैं। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप ने अपने नए और अभिनव विचारों, कामकाज के नए तरीकों से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद की है।

## भारत को व्यापक और विविध ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे : एस जयशंकर

**नई दिल्ली, 23 मार्च।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को आवश्यक रूप से व्यापक और विविध ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे।

जयशंकर ने यहां बिजनेस टुडे के कार्यक्रम में कहा कि दशकों तक वैश्वीकरण के गुणों के बारे में सुनने के बाद, आज दुनिया औद्योगिक नीतियों, निर्यात नियंत्रण और शुल्क युद्ध की वास्तविकता से जूझ रही है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों के लिए अनुकूल ऊर्जा वातावरण सुनिश्चित करना भारत के प्रमुख कूटनीतिक उद्देश्यों में से एक है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन के अलावा बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का विकास एवं उपयोग



करना और छोटे मॉड्यूलर संयंत्रों की संभावनाओं का पता लगाना भी है।

उन्होंने कहा, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को आवश्यक रूप से ऊर्जा संबंधों का एक व्यापक और विविध स्वरूप विकसित करना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारतीय दूतावास अब देश के वाणिज्यिक हितों की खोज में पहले से कहीं ज्यादा सक्रिय हैं।

उन्होंने कहा कि वे जहां भी संभव हो, सूचना देते हैं, सलाह देते हैं और सुविधा प्रदान करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारा व्यवसाय अच्छा चले। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में एक नीतिगत निर्णय, जिसका महत्वपूर्ण आर्थिक निहितार्थ है, यूक्रेन संघर्ष के बाद ऊर्जा विकल्प तलाशने पर हमारा जोर था। सच्चाई यह थी कि हर देश ने वही किया, जो उसके अपने हित में था, भले ही कुछ लोग इसके विपरीत दावा करते हों। जयशंकर स्पष्ट रूप से यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत द्वारा रूस से तेल आयात करने की ओर इशारा कर रहे थे, जिसकी पश्चिमी देशों के एक वर्ग ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को एक समग्र रणनीति की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है, जो रूस और यूक्रेन, इजराइल और ईरान, लोकतांत्रिक पश्चिम, ग्लोबल साउथ, ब्रिक्स और क्वाड के साथ एक साथ जुड़ सकते हैं। ब्रिक्स भारत सहित अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह के बीच सहयोग का एक मंच है।वहीं, क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है। जयशंकर ने कहा कि दशकों से वैश्वीकरण के गुणों के बारे में सुनने के बाद आज की दुनिया औद्योगिक नीतियों, निर्यात नियंत्रण और शुल्क युद्ध की वास्तविकता से जूझ रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में, लाभ और प्रवृत्तियों की पहचान करना तथा उसके अनुसार अपनी नीतियों को ढालना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से मुक्त करने के बारे में व्यापक चिंता है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान अधिक विविध विनिर्माण, अधिक नवाचार और प्रौद्योगिकी तथा खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा से सीधे जुड़े व्यापार सहित मजबूत व्यापार में निहित है। उन्होंने कहा,कुल मिलाकर इसका मतलब यह है कि पुनर्वैश्वीकरण पहले के मॉडल की तुलना में अधिक निष्पक्ष, अधिक लोकतांत्रिक और कम जोखिमपूर्ण है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा की जांच रिपोर्ट की सार्वजनिक

**नई दिल्ली, 23 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार देर रात दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की आंतरिक जांच रिपोर्ट अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कथित तौर पर मिली नकदी की तस्वीरें और वीडियो शामिल हैं।

25 पन्नों की रिपोर्ट में, जस्टिस वर्मा का घर के स्टोररूम में आग बुझाने के दौरान मिली नकदी पर जवाब भी शामिल है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि स्टोररूम में मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी कोई नकदी नहीं रखी और (मैं) इस आरोप की कड़ी निंदा करता हूं कि कथित नकदी हमारी है। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उनके घर से नकदी मिलने के आरोप साफ तौर पर उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमारे द्वारा रखी या संग्रहीत की गई थी, पूरी तरह बेतुका है।

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट में आधिकारिक संचार से जुड़ी सामग्री भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि भारतीय



मुद्रा के चार से पांच अधजले ढेर मिले हैं। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने शनिवार रात सार्वजनिक की गई अपनी रिपोर्ट में कहा, 'घटना रिपोर्ट, उपलब्ध सामग्री और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के जवाब की जांच करने पर मुझे पता चला कि पुलिस आयुक्त ने 16 मार्च, 2025 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर तैनात गार्ड के अनुसार, 15 मार्च, 2025 की सुबह जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और अन्य आंशिक रूप से जली हुई वस्तुएं हटा दी गई थीं। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति ने कमरे में प्रवेश किया था या वहां तक पहुंचा था।

## जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बना देगी : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ , 23 मार्च ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की जनता 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) को समाप्तवादी पार्टी बना देगी। मौर्य ने हरदोई में सम्राट अशोक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जैसे संस्कार हैं, वैसे ही उनके विचार हैं और राज्य की जनता सपा को समाप्तवादी पार्टी बना देगी। उन्होंने कहा, यहां बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने 2027 में समाजवादी पार्टी को खत्म करने का संकल्प लिया है, जैसा उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में किया था। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दलों ने 403 में से 325 सीटों पर जीत हासिल की थी। केशव प्रसाद मौर्य उस समय पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे। मौर्य ने अखिलेश यादव को पर कटाक्ष करते हुए कि जो लोग अपमानजनक का प्रयोग करते हैं।









## बिहार : जहाँ गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं



-तनवीर जाफरी

अशोक, बुद्ध व गाँधी जैसे महापुरुषों की कर्मस्थली बिहार सौभाग्यवश मेरी भी पैतृक स्थान है। इस नाते जन्म से ही अपने गांव में लगभग प्रत्येक वर्ष मेरा एक बार जाना जरूर होता है। आज भी यह राज्य देश को सबसे अधिक प्रशासनिक अधिकारी देने वाला राज्य है। परन्तु मुझे आश्चर्य है कि इतनी जागरूकता के बावजूद न जाने क्यों यहाँ के लोगों को गंदगी से कोई परहेज नहीं है। मैं हमेशा से यह देखता आ रहा हूँ कि यहाँ शहरों व कस्बों के नाले व नालियां हमेशा ही जाम रहते हैं और दुर्गन्ध व सड़ांध मारते हैं । यही वह राज्य है जहाँ प्रत्येक धर्मों के लोग अपनी धर्म ध्वजा भी बुलंद रखना चाहते हैं। हिन्दू राष्ट्र बनाने का आवाहन करने के लिये पिछले दिनों एक विवादित कथावाचक द्वारा बिहार में भारी भीड़ इकठ्ठी की गयी। यहाँ नफरती बातें तो खूब हुईं परन्तु स्वच्छता को लेकर किसी तरह की बात उपस्थित लोगों को नहीं बताई गयी। यहाँ गांव गांव में अनेक मंदिर मस्जिद हैं। हर तरफ से भजन व अजानों की आवाजें सुनाई देती हैं। रोजा पूरी अक़ीदत के साथ रखा जाता है मुहर्रम के जुलूस निकलते हैं परन्तु यह सब प्रायः ऐसी जगहों या रास्तों पर होते हैं जहाँ से दुर्गन्ध व गंदिगी के कारण इंसान का निकलना भी दूभर है। बड़ा आश्चर्य है कि जिस रास्तों व स्थानों पर इंसान का चलना स्वास्थ्य के दृष्टिगत खतरे से खाली नहीं उन जगहों पर लोग किस तरह भगवन या खुदा को याद करते हैं और अपने इष्टदेव को बुलाते हैं ? भला गंदिगी में भी कहीं भगवान या पीर पैगंबर या इमाम भी आते हैं ? आखिर क्यों कभी कोई इमाम अपने खुत्बे में या प्रवचन कर्ता अपने प्रवचनों में अपने अनुयायियों को सफाई के प्रति जागरूक नहीं करता। जबकि स्वर्ग व जन्नत के मार्ग सभी बताते हैं। भला गंदगी भरा नारकीय जीवन बिताने वाला शख़्स मरणोपरांत स्वर्ग या जन्नत में जाकर क्या करेगा और कैसे जायेगा ?

दरअसल बिहार में मजदूर से लेकर अधिकारी नेता मंत्री संतरी तक सभी आम तौर पर पान या खैनी ( तंबाकू ) खाने के 'शौक़ीन' हैं। आप यहाँ इन तंबाकू खैनी के 'कद्रदानों' को प्रायः मुंह बंद किये हुये पान,सुरती ,खैनी व तंबाकू आदि का आनंद लेते हुये देखेंगे। और यही 'महानुभाव ' जब और जहाँ चाहते हैं बेरोकटोक थूक भी देते हैं। ट्रेंस या बसों की खिड़की से बाहर,कार या चलते बाइक से थूक देना इनका स्वभाव बन चुका है। यह नहीं देखते की इनका 'पावन थूक ' किसी दूसरे पर भी पड़ सकता है। इससे किसी दूसरे को आपत्ति भी हो सकती है। हद तो यह है कि सरकारी या निजी कार्यालय, कोर्ट कचेहरी किसी विभाग का मुख्यालय लोगों के खड़े होने के सार्वजनिक अड्डे आदि सब पान की पीक से लाल नजर आएंगे। यह 'अति बुद्धिमान ' लोग जिस सीट पर बैठ कर अपना काम करते हैं वहीँ थूक देते हैं। लिफ़्ट को भी नहीं बख़्शते,रेल के डिब्बों में बाथरूम में गोया कोई जगह ऐसी नहीं जहाँ इन्होंने अपनी 'सभ्यता ' की पहचान न छोड़ी हो।

बड़ा आश्चर्य है कि प्रातः चार बजे से ही चौक चोराहों के चायखानों पर बैठकर अमेरिका इस्राईल, ईरान और देश विदेश की राजनीति की गहन चर्चा करने तथा बी बी सी लंदन पर समाचार सुनने वाले लोगों को यह एहसास भी नहीं होता कि जहाँ वे बैठे हैं वहां कितनी बदबू है,आसपास कितनी गंदिगी है और बैठने की जगह पर थूकना नहीं चाहिये ? बड़े ही अफसोस परन्तु पूरे विश्वास से मुझे कहना पड़ रहा है कि मैं ने आजतक बिहार में किसी भी शहर के बाजारों में यहाँ तक कि राजधानी पटना से लेकर मुजफ़्फ़रपुर व दरभंगा जैसे प्रमुख शहरों के मुख्य नालों नालियों को सुचारु रूप से प्रवाहित होते नहीं देखा। यहाँ तक कि मुख्य चौराहों पर जहां दिन भर हजारों लोग आते जाते हैं वहां भी कूड़े के ढेर,उसमें मुंह मारते हुये सूअर व गोवंश आदि मिल जायेंगे। उदाहरण के तौर पर दरभंगा का एक मशहूर स्थान है बेंता चौक। दरभंगा मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित इस चौक के आसपास मेडिकल सम्बन्धी सैकड़ों दुकानें,टेस्टिंग लैब,डॉक्टर्स,डिस्पेंसरी आदि सब कुछ हैं। खाने पीने की भी यहाँ अनेक दुकाने व रेस्टोरेंट आदि हैं। इसके मुख्य चौक पर एक छोटा सा कमल सर्किल बना है। यक़ीन कीजिये आप इस जगह पर खड़े नहीं हो सकते। यहाँ आसपास के सारे दुकानदार स्वयं इस चौक को कूड़ाघर बनाये रखते हैं। यहाँ खड़े होना रुकना तो दूर, दुर्गन्ध के चलते इसके सामने से निकलना भी आसान नहीं है। परन्तु यह जगह दरभंगा के मुख्य एवं व्यस्ततम चौक में शामिल है।

उधर बिहार के गांव के हालात तो और भी दयनीय हैं। यहाँ नाले नालियों के निर्माण के नाम पर पंचायत स्तर पर खूब लूट की गयी है।सारे के सारे नाले नालियां टूटे व जाम होने के कारण दुर्गन्ध व बीमारी का कारक बन गए हैं। उन नालों की निकासी का कोई निर्धारित मार्ग नहीं है। केवल सरकारी धन की लूट के लिये नालों व नालियों के टेंडर किये जाते हैं। सच पूछिये तो गांव के हर घर के पीछे या सामने उसका कूड़ाघर है ,वहीँ गंदे पानी का सोख़्ता है। गोया हर घर बीमारी फैलने का अड्डा है। हैरत है कि किस तरह और किस उम्मीद पर गांव के लोग अपना सरपंच व मुखिया चुनते हैं ? और कितने बेशर्म होते हैं जो कुछ न कर पाने के बावजूद जनता के बीच जाकर वोट मांगते फिरते हैं ? कहना गलत नहीं होगा कि इसतरह की घोर दुर्व्यवस्था के लिये केवल सरकार ही नहीं बल्कि आम लोग भी जिम्मेदार हैं। बजाये इसके कि कोई किसी को नालों व सड़कों पर कूड़ा फेंकने या सार्वजनिक स्थल को थूक से लाल करने से रोके, उलटे वह स्वयं इसी कृत्य में शामिल हो जाता है। यदि किसी ऑफिसर से शिकायत कीजिये तो वह भी ऐसे विषय पर ज्यादा तवज्जोह नहीं देता। क्योंकि वह स्वयं अपनी सीट पर बैठ कर या अपने ऑफिस की दीवारों या कोने पर थूकता रहता है। गोया गंदिगी व बदबू इस गौरवशाली राज्य की नियति बनकर रह गयी है। और इसी वजह से यह राज्य अक्सर गंभीर संक्रामक रोगों की चपेट में भी आ जाता है। शायद यही वजह है कि बिहार में कभी भी किसी भी चुनाव में गंदगी व दुर्गन्ध कोई मुद्दा ही नहीं बन पाता।

## बदलते मौसम में बढ़ती बीमारियाँ



-विक्रम दयाल

बदलते मौसम में कई तरह की बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ जाता है. जैसे कि- सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, वायरल इंफेक्शन और कुछ मामलों में डायरिया और टाइफाइड है. खास- कर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह समय ज्यादा संवेदनशील होता है. एलर्जी वायरल संक्रमण डायरिया, चिकनपाक्स जैसी समस्याएं इनदिनों में आम हो जाती है. बदलते मौसम में शरीर के अंदर कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं. जैसे कि बीमार होना, दर्द, मानसिक परेशानियाँ. मौसम बदलने पर सर्दी, जुकाम, बुखार, और वायरल फीवर, जैसी बीमारियाँ होने का खतरा बढ़ जाता है. मौसम बदलने पर शरीर में दर्द अलग महसूस होना लगता है. मौसम बदलने से जोड़ों में दर्द, और जकड़न भी होने लगती है. मौसम बदलने से पाचन संबंधी समस्याएं भी पैदा होने लगती है. मौसम बदलने से स्किन से जुड़ी समस्याएं होने लगती है. मौसम में बदलाव आने से इंसान में चिड़चिड़ापन, गुस्सा और डिप्रेशन जैसी मानसिक बीमारियाँ होने का खतरा बढ़ जाता है. बढ़ती गर्मी का मुख्य कारण-जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, जैसे कार्बनडाईआक्साइड और मानव गतिविधियाँ (जैसे जीवाश्म ईंधन का जलाना) शामिल है. ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जनः जीवाश्म ईंधन ( जैसे कोयला तेल, गैस) जलाने, वनों को नष्ट करने, औद्योगिक क्रियायों से निकलने वाली कार्बनडाईआक्साइड, मीथेन, और अन्य ग्रीन- हाउस जैसे वातावरण में गर्मी को फैलाती है. जिसे पृथ्वी का तापमान जरूरत से ज्यादा बढ़ जाता है. मानव गतिविधियाँ,औद्योगिककरण, परिवहन, कृषि जैसी मानव गतिविधियाँ भी ग्रीनहाउसगैसों की उत्सर्जनमें योगदान करती हैं. जिससे जलवायु परिवर्तन होता है. शहरों में गर्मी का प्रभावः छोटी बड़ी या गगनचुंबी इमारतें, पक्की सड़कों की वजह से शहरों में भीषण गर्मी बनी रहती है. क्योंकि इमारतों और सड़कों में लगने वाली सामाग्री गर्मी को अवशोषित करती हैं. रात में गर्मी को बाहर निकलने नही देती जिसके परिणाम स्वरूप तापन अधिक रहती है. मौसम संबंधी घटनाएंः अल नीनो जैसी जलवायु संबंधी घटनाएं तापमान में बदलाव लाती हैं. जिससे गर्मी बढ़ जाती है. नमीः गर्म हवाएं ज्यादा नमी को रोके रहती है, जिससे पसीना नहीं आता है, और शरीर को ठंडक नहीं मिलती है. हरियाली का कम होनाः शहरों से हरियाली धीरे धीरे गायब हो रही है. जिसके फलस्वरूप तापमान उच्चस्तर पर बना रहता है. और सदैव ही भीषण गर्मी बनी रहती है. सूर्य की गतिविधिः मार्च से 21 जून तक सूर्य धरती के करीब रहता है. जिससे धरती पर सूर्य से निकलनेवाली रेडियेशन की मात्रा अधिक रहने से गर्मी अधिक होती है. वायु प्रदूषणः वायु पर्दूषण से गर्मी अधिक होती है. क्यों कि प्रदूषक कण सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करते हैं. और गर्मी के तापमान को बढ़ाते हैं. आज के दौर में बदलते मौसम में बेतहाशा बढ़ती गर्मी से बचकर ही रहना होगा. क्योंकि, मौसम के मिजाज को देखते हुए नहीं लगता है कि इसबर्ष बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिलेगी? सूर्यदेवता आसमान से अत्यधिक तपन और बज्र गर्मी से धरतीवासियों को जरूर परेशान करेंगे?

# नीतीश कुमार का 'अनियमित' व्यवहार जारी रहने के कारण भाजपा किंकर्तव्यविमूढ़



अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की टेंशन बढ़ी हुई है। इस टेंशन की वजह विपक्षी दल नहीं बल्कि सरकार में प्रमुख सहयोगी दल और बिहार के सीएम नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार का अप्रत्याशित और 'अनियमित' व्यवहार जारी रहने के कारण भाजपा ‘किंकर्तव्यविमूढ़’ है । बताया जाता है कि भाजपा का एक धड़ा उनके 'खराब स्वास्थ्य' के नतीजों को लेकर चिंतित है। हालांकि पार्टी उनके नेतृत्व में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने पर अड़ी हुई है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार उस स्थान को प्राप्त कर चुके हैं जहां पहुंचने का नसीब विरलों को ही मिलता है। फिलहाल देश की समकालीन राजनीति में देखें तो अजातशत्रु कहलाने का दावा केवल नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। खुद लालू परिवार आज चौतरफा नीतीश कुमार पर हमले कर रहा है। पर नीतीश कुमार का साथ पाने के लिए परिवार के लोग अलग विचार रखते हैं। नीतीश कुमार तमाम विरोध के बावजूद अपने विरोध के स्तर को कम से कम लालू परिवार के लिए बहुत निचले स्तर पर नहीं ले जाते हैं। जबकि आरजेडी के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद एक दौर ऐसा था तेजस्वी कितने दिनों तक एक्स पर लगातार नीतीश के लिए बहुत ही अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते रहे। नीतीश कुमार देश के एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनके पक्ष और विपक्ष दोनों में बराबर शुभचिंतक हैं। एनडीए के खिलाफ इंडिया गठबंधन को धरातल पर लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। जब से नीतीश कुमार ने इंडिया गुट को छोड़ा तब से लगातार यह गठबंधन कमजोर होता गया।यह नीतीश के व्यक्तित्व का ही कमाल है कि सिर्फ 2 परसेंट सजातीय वोट के साथ वे बिहार की राजनीति में 3 दशकों से सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बने हुए हैं।

इस सबके बावजूद किसके दिन कब फिरते है और कब वह विवादों के घेरे में फंस जाता है कहा नहीं जा सकता । नीतीशकुमार भी कुछ समय से विवादों के घेरे में है । ताजा विवाद गुरुवार को पटना में हुआ। सेपक टकराव विश्व कप 2025 के उद्घाटन के बाद राष्ट्रगान की घोषणा होने पर कुमार अचानक मंच से उतर गए और प्रतिभागियों से हाथ मिलाने लगे। बाद में जब राष्ट्रगान बजा तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया।राष्ट्रगान का अपमान करने के कारण कुमार को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। उनके इस हालिया कृत्य ने खूब वाहवाही बटोरी और विपक्षी दलों, राजद और कांग्रेस को आगामी राज्य चुनावों में इसका फायदा उठाने का मौका दे दिया, उनका तर्क है कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें एक और कार्यकाल नहीं दिया जा सकता।

सूत्रों ने कहा कि भाजपा को जेडीयू और एलजेपी के साथ एक और कार्यकाल जीतने का भरोसा है, लेकिन पार्टी की चिंता यह है कि सार्वजनिक रूप से कुमार के अप्रत्याशित व्यवहार ने अक्सर विरोधियों को मौका दिया है। हालांकि, पार्टी का मानना है कि कुमार एक मूल्यवान भागीदार बने रहेंगे और आरजेडी के 'जंगल राज' की यादें 'सत्ता विरोधी भावना' की किसी भी संभावना को खत्म कर देंगी।

नीतीशकुमार का व्यवहार एक समान नहीं रहा है। ऐसे दिन भी आए हैं जब कोई दुर्घटना नहीं हुई और वे नियंत्रण में दिखे, जैसे कि उनकी 'प्रगति यात्रा' के दौरान, भले ही वे कई दिनों तक लोगों की नजरों में रहे हों। लेकिन ऐसे भी दिन आए जब कुमार ने इस तरह का व्यवहार किया कि उनके विरोधियों ने उनका मजाक उड़ाया और उनके समर्थकों को इसे सही ठहराना मुश्किल हो गया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि नीतीश कुमार अपने उतार-चढ़ाव भरे तरीकों से उबरेंगे।

राष्ट्रीय जनता दल की सांसद मीसा भारती ने शुक्रवार को उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है। भारती ने कहा कि राष्ट्रगान के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक नहीं दिखे। मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछना चाहती हूं कि क्या आपको उनकी मानसिक स्थिति ठीक लगी। वह हर दिन महिलाओं, बच्चों का अपमान करते रहते हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है। कहा तो यहाँ तक जाता है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की सेहत ठीक नहीं है। वे अपने को बीमार भले न बताएं या मानें, पर यह सत्य अब छिपा नहीं है। पटना में चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के वक्त होने वाले राष्ट्रगान के दौरान नीतीश कुमार की असामान्य हरकत सबने देखी ऐसी घटनाएँ लंबे समय से चली आ रही इस आशंका की पुष्टि हुई कि वे मानसिक तौर पर सहज और सचेत नहीं हैं। उनकी बीमारी का पहला संकेत तो उसी दिन सार्वजनिक हो गया था, जब दो साल पहले उन्होंने अपने जनता दरबार में खुद को ही खोजना शुरू किया था। वे बार-बार अपने अधिकारियों से गृह मंत्री को बुलाने की जिद कर रहे थे। अधिकारी भी हतप्रभ थे। किसी की यह कहने की हिम्मत नहीं हुई कि जिसे आप खोज रहे हैं, वह तो आप खुद हैं। नीतीश कुमार ही सीएम की जिम्मेवारी के साथ गृह मंत्री भी हैं। अधिकारियों और नीतीश के करीबी नेताओं ने इतना भर ही किया कि जनता दरबार का सिलसिला रोक दिया गया।

पता नहीं, इस बीमारी का पता चलने पर उनकी पार्टी जेडीयू के नेताओं या सरकार में शामिल भाजपा के नेताओं ने भी क्यों उनके इलाज की जरूरत नहीं समझी। संभव है कि उनका इलाज हो भी रहा हो, लेकिन इस बारे में कभी किसी ने कोई जानकारी बिहार की 13 करोड़ जनता को देने की जरूरत नहीं समझी। नतीजतन नीतीश कुमार की असामान्य हरकतें बढ़ती गईं। विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। सत्ता पक्ष उन्हें फिट साबित करने का अनावश्यक प्रयास कर रहा है। जहां नीतीश कुमार को अपनी इस हालत के लिए सहानुभूति की जरूरत है, वहां उन्हें दुत्कारने की कोशिश विपक्ष की ओर से हो रही है।

नीतीश कुमार के बारे में लोगों की यह आम धारणा रही है कि वे गंभीर नेता हैं। नपे-तुले और सधे शब्दों में अपनी बातें रखने वाले नीतीश के स्वभाव में अचानक आए इस परिवर्तन को विपक्ष ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने राष्ट्रगान के वक्त नीतीश कुमार की हरकतों को राष्ट्रगान का अपमान माना है और इसे राष्ट्रवाद से जोड़ कर उन्हें कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। उनके बेटे तेजस्वी यादव भी नीतीश कुमार को बीमार बता कर उनका उपहास उड़ा रहे हैं। लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी के स्वर में जरूर व्यंग्यात्मक सहानुभूति दिखती है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार को अब सीएम पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें अपने बेटे निशांत को ही सीएम बना देना चाहिए।

नीतीश कुमार की असामान्य हरकतों का कुछ हद तक एहसास तब भी हुआ था, जब 2020 के चुनाव में उनकी झुंझलाहट लोगों ने पहली बार महसूस की। नार्थ बिहार की एक सभा में जब कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए तो वे भड़क गए थे। उन्होंने कहा था कि वोट देना है तो दीजिए, वर्ना उनकी सभा से चले जाइए। उन्हीं दिनों उन्होंने यह भी कह दिया था कि यह उनका आखिरी चुनाव है। तेजस्वी यादव ने जब पहली कैबिनेट बैठक में 10 लाख लोगों को नौकरी देने की घोषणा की, तब भी नीतीश तिलमिलाए थे। उन्होंने कहा था कि नौकरी के लिए तेजस्वी क्या पैसा अपने बाप के घर से लाएंगे। तब इन बातों को चुनावी प्रतिस्पर्धा में चलने वाले शब्दवाण मान कर लोगों ने उनमें आए बदलाव को खारिज कर दिया था। उसी वक्त इस पर ध्यान दिया गया होता तो शायद स्थिति आज इतनी नहीं बिगड़ती।

भाजपा नेताओं की बोलती अब बंद है। जेडीयू नेता भी समस्या की गंभीरता का हल निकालने के बजाय नीतीश को राष्ट्रवादी साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करते वक्त वे भूल जा रहे हैं कि इसे न नीतीश कुमार के साथ उचित व्यवहार कहा जा सकता है और न बिहार की जनता के साथ यह न्याय ही है। नीतीश कुमार को बेहतर इलाज की जरूरत है, न कि बचाव की। भाजपा को भी साफ मन से यह सोचने की जरूरत है कि सिर्फ चुनावी लाभ के लिए नीतीश कुमार को सीएम बनाए रखना अच्छा नहीं। जेडीयू का दुर्भाग्य यह है कि नीतीश कुमार अब तक जेडीयू में सुप्रीमो की भूमिका में रहे हैं। उनके बारे किसी को कुछ कहने की हिम्मत नहीं। नीतीश के इर्द-गिर्द रहने वाले अधिकारी भी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ पा रहे हैं।

नीतीश कुमार के स्वभाव में बदलाव 2020 से लगातार दिखते रहे हैं। अशोक चौधरी के घर श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे नीतीश ने उन पर ही फूल उछाल दिए थे। एक मौके पर तो उन्होंने अशोक चौधरी और विजय सिन्हा के सिर टकरा दिए थे। इसी साल महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर वे सैल्यूट के वक्त ताली बजाने लगे थे। कभी पीएम मोदी तो कभी भाजपा नेता रविशंकर के पैर छूने की उन्होंने कोशिश की। अफसरों के आगे हाथ जोड़ने या पैर छूने के प्रयास भी उन्होंने किए। महिलाओं के बारे में सदन और सदन के बाहर उन्होंने असहज टिप्पणी की। हालांकि बाद में उन्होंने अपनी गलती मान कर माफी भी मांगी थी। उनकी इन हरकतों की वजह से ही शायद अधिकारियों ने उनके कार्यक्रमों से मीडिया को दूर रखना शुरू किया। वे तो मीडिया के लोगों के सामने भी एक बार हाथ जोड़ते नजर आए थे।

बहरहाल भाजपा के सामने यह भी सचाई है कि बिहार में आज की तारीख में कम सीटों के साथ सरकार चलाने की ताकत किसी में नहीं है। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के पास भाजपा से कम विधायक हैं। इसी तरह आरजेडी से भी जेडीयू के विधायक कम हैं। पर भाजपा हो या आरजेडी मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी नीतीश कुमार की ओर ही देखते हैं। यह नीतीश कुमार का जादू ही है कि अगर वो एक बार आरजेडी के साथ जाने की बात कर दें तो उनकी सभी गलतियों को परिवार माफ कर देगा।आश्चर्य की बात यह है कि भाजपा हो या जेडीयू-आरजेडी किसी के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जिसके चलते नीतीश कुमार को इग्नोर किया जा सके। नीतीश अगर बीमार हैं तो भी अन्य नेताओं के मुकाबले उनकी स्थिति बेहतर है। इसलिए उनके रिजाइन करने की बात बेमानी हो जाती है।आरजेडी भले ही मांग कर रही है कि नीतीश कुमार रिजाइन कर दें। पर आरजेडी नेताओं

# योगीराज के 8 सालः अभूतपूर्व परिवर्तन का स्वर्णिम दौर, हर तरफ भगवा



-सुरेश गांधी



**25 मार्च को योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के आठ साल पूरे होंगे. उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कई ऐतिहासिक बदलाव और विकास देखे हैं, जिससे राज्य की दिशा में न सिर्फ नया बदलाव आया है, बल्कि हर तरफ भगवा के बीच सनातन का झंडा बुलंद हो रहा है। खास यह है इन 8 सालों में राज्य में न सिर्फ 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां सृजित की गई, बल्कि एक जिला, एक माफिया नीति के मुकाबले बुलडोजर बाबा का एक जिला, एक उत्पाद से आर्थिक व निवेश भी बढ़ा है। वैसे भी सियासी तौर पर बात करें तो हिन्दू हृदय सम्राट सीएम योगी का कद इतना बढ़ गया है कि उन्हें अब टक्कर देना सूरज को दीप दिखाने जैसा है। जिस अयोध्या में 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार हुई थी. उसी अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बाबा ने विपक्ष के तथाकथित संविधान वाले खोखले अफवाह की हवा निकाल दी। खासकर 144 साल बाद आए महाकुंभ में अब तक का सारा रिकार्ड तोड़ते हुए 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान के साथ ही सुगम, भव्य एवं दिव्य व्यवस्थाओं ने योगी के बढ़ते कद में चार चांद लगा दिए. जहां तक 2027 का सवाल है तो महाकुंभ के अपार सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव करते हुए अब 80-20 के नारे की जगह भगवा हिन्दुस्तान का नारा दिया है, जो विपक्ष की मुस्लिमपरस्ती सियासत को कड़ी चुनौती पेश करने वाली है**

फिरहाल, 2017 में जब योगी आदित्यनाथ ने यूपी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तो किसी ने नहीं सोचा था कि वह इतने लंबे समय तक प्रदेश का नेतृत्व करेंगे. यह अलग बात है पार्टी की अंदुरुन्नी कलह व उठापटक के बीच विपक्ष की साजिशों के चक्रव्यूह को भेदतें हुए योगी सरकार ने न सिर्फ माफियाओं का बैंड बजाया, बल्कि सूबे को अपराधमुक्त करते हुए विकास व कल्याण के कार्यक्रमों के जरिए अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा कर दिया है। पिछले आठ वर्षों में राज्य में 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां सृजित की गई हैं। इस अभियान में कार्मिक विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से पिछले आठ वर्षों में करीब 95 हजार अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वे उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड बना चुके हैं, और लगातार दो कार्यकाल पाने वाले एकमात्र यूपी के मुख्यमंत्री हैं. कहा जा सकता है योगी ने मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव को पछाड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है. पहले कांग्रेस के मुख्यमंत्री डॉक्टर संपूणानंद इस पद पर सबसे ज्यादा समय तक रहे हैं. इतना ही नहीं योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के विधान भवन पर लगातार आठवीं बार ध्वजारोहण करने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन गए हैं. इस लिस्ट में अब क्षेत्रीय पार्टियों के नेता चैधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव सीएम योगी के आस-पास भी नहीं दिखाई पड़ते. मायावती ने चार बार और मुलायम सिंह ने तीन बार शपथ ली, लेकिन फिर भी इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए. इतना ही नहीं सीएम योगी की गिनती उन नेताओं में होती है, जिनके नेतृत्व में प्रदेश में किसी पार्टी की लगातार दूसरी बार सरकार बनी.

25 मार्च 2022 को जब योगी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो उन्होंने नारायण दत्त तिवारी का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था. नारायण दत्त ने वर्ष 1985 में अविभाजित उत्तर प्रदेश में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. वैसे तो बसपा सुप्रीमो मायावती ने चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और उनका पूरा कार्यकाल सात वर्ष, 16 दिन का था. लेकिन वह लगातार नहीं था. मायावती ने अपने चार बार के कार्यकाल में आठ बार ध्वजारोहण किया. इसके अलावा मुलायम सिंह यादव तीन बार मुख्यमंत्री बने. इस दौरान मुलायम सिंह यादव का कुल कार्यकाल छह वर्ष 274 दिन का रहा था. बेशक, 25 मार्च को योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के आठ साल पूरे होंगे. उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कई ऐतिहासिक बदलाव और विकास देखे हैं, जिससे राज्य की दिशा में नया बदलाव आया है. बता दें, इससे पहले, आदित्यनाथ 1998 से 2017 तक लगभग दो दशकों तक भारत की संसद के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं. 26 वर्ष की आयु में, वे 1998 में सबसे कम उम्र के भारतीय सांसदों में से एक बन गए और गोरखपुर से अगले पांच लगातार कार्यकाल जीते. वे केंद्र से यूपी राज्य की राजनीति में चले गए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चुने गए. शुरूआत में, 2017 में, वे यूपी विधान परिषद के सदस्य बने. इसके बाद 2022 में वे गोरखपुर शहरी से चुनाव जीतकर राज्य विधान सभा के सदस्य बन गए. उन्होंने हिंदू युवा वाहिनी की स्थापना की, जो अब बंद हो चुका है हिंदू राष्ट्रवादी संगठन. उनकी छवि एक हिंदुत्व राष्ट्रवादी और एक सामाजिक रूढ़िवादी की है. जहां तक उपलब्धियों की बात है तो उनके नेतृत्व में राज्य ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को अपनाया. सबसे पहले, उन्होंने उत्तर प्रदेश को एक मजबूत कानून-व्यवस्था व्यवस्था बनाने पर ध्यान केंद्रित किया. प्रदेश में माफिया राज, अपराधिक गतिविधियों और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए कठोर कदम उठाए गए. इससे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हुई और लोगों में विश्वास पैदा हुआ. इसके परिणामस्वरूप राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ, जो पहले चुनौतीपूर्ण था.

इसके साथ ही, योगी सरकार ने बुनियादी ढांचे में सुधार पर भी जोर दिया. एक्सप्रेसवे, राजमार्ग, और नई सड़क परियोजनाएं राज्य के विकास की पहचान बन चुकी हैं. खासतौर पर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं ने राज्य के विकास को गति दी है. इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल प्रदेश में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिला, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी मिला. योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए कई पहल की. एक जिला एक उत्पाद योजना, जो छोटे और मझोले उद्योगों को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखती है, को सफलतापूर्वक लागू किया गया. इस योजना से विभिन्न जिलों में उत्पादों की पहचान बनी और राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ. इसके साथ ही, प्रदेश में निवेश के लिए उद्योगपतियों का ध्यान आकर्षित किया. प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए योगी सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को विशेष सुविधाएं दीं. स्टार्टअप राज्य बनाने के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े-योगी सरकार ने राज्य में समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की. खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए कई योजनाएं लागू की गईं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना, और समाजवादी पेंशन योजना. इन योजनाओं ने करोड़ों परिवारों की जीवनशैली में सुधार किया है. इसके अलावा, योगी सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान राज्य में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए जोरदार कदम उठाए. अस्पतालों की क्षमता बढ़ाई, ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए, और कोविड टीकाकरण अभियान को तेजी से चलाया, जिसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने देश में सबसे अधिक टीकाकरण हासिल किया.

उत्तर प्रदेश में हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 56 लाख से अधिक गरीबों को लाभ दिया गया है. 1 करोड़ 86 लाख रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं. 2 करोड़ 65 लाख से अधिक परिवारों को पीने का पानी दिया जा रहा है. 150 लाख लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है. पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य सरकार ने अब तक 2 करोड़ 62 लाख किसानों को 75,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है. सिंचाई बिल माफ किए गए हैं और सोलर पंप उपलब्ध कराए गए हैं. भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिक कर्तव्य का अत्यधिक महत्व है. विकसित भारत में हर किसान के खेत में फसल होगी, महिलाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे. विकसित भारत में सबसे महत्वपूर्ण चीज राष्ट्र प्रथम है. योगी आदित्यनाथ ने राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए. यूपी पुलिस भर्ती के जरिए 60,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिला. इसके अलावा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को बिना ब्याज पर ऋण दिया गया, जिससे युवा अपने व्यापार शुरू करने में सक्षम हो सके. मतलब साफ है योगी आदित्यनाथ का कार्यकाल उत्तर प्रदेश के लिए विकास और समृद्धि का प्रतीक बन चुका है. आठ वर्षों के कार्यकाल में उनके नेतृत्व में राज्य ने कई बदलाव देखे हैं. योगी सरकार ने समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं. आगामी समय में, उत्तर प्रदेश का विकास और भी तेजी से होगा, और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे.

योगी सरकार की 8 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां

सुरक्षा और कानून व्यवस्थाः अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधियों पर शिकंजा और महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान।

इंफ्रास्ट्रक्चर विकासः नए एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो परियोजनाएं और स्मार्ट सिटी मिशन।

आर्थिक विकासः निवेश आकर्षित करने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार।

कृषि और किसानों के लिए योजनाएंः पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि ऋण माफी जैसी योजनाएं।

शिक्षा एवं रोजगारः युवाओं के लिए नई नौकरियों, स्किल डेवलपमेंट मिशन और सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता।

महिला सशक्तिकरणः मिशन शक्ति और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाएं।

पर्यटन और सांस्कृतिक उत्थानः अयोध्या, काशी और मथुरा का पुनर्विकास, राम मंदिर निर्माण और कुंभ मेले का सफल आयोजन।

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशनः डिजिटलीकरण के माध्यम से सरकारी सेवाओं की आसान उपलब्धता।

बुद्धिस्ट सर्किट का पर्यटन विकासः केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता

इन आठ वर्षों में बुनियादी ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

अन्नदाता भी है गदगद

आगामी दिनों में योगी ने मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे रात जिलों में बिताएं। इसके अलावा सनातन के शक्ति केंद्रों को संवारने के क्रम में योगी ने सिद्ध शक्तिपीठ मां शाकुंभरी का मंदिर, को भी कॉरीडोर के रुप में विकसित किया जायेगा। जिसके बाद भाईजान के गढ़ देवबंद में योगी का सनातनी पथ तैयार होगा. अन्नदाता किसानों को योगी का साथ पसंद आ रहा है. यही वजह है कि किसानों के साथ की बदौलत योगी सरकार ने धान खरीद में अपना पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया. पिछले साल की अपेक्षा खरीफ क्रय वर्ष 2024-25 में 3.90 लाख मीट्रिक टन अधिक धान की खरीद हुई. पिछले वर्ष 53.80 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हुई थी, जबकि इस साल यह बढ़कर 57.70 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गई. वहीं योगी सरकार ने 99 फीसदी से अधिक किसानों को भुगतान भी कर दिया. यह आंकड़ा 13326 करोड़ से अधिक का है. धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये व ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया था. गत वर्ष से इस वर्ष किसानों को 117 रुपये प्रति कुंतल अधिक एमएसपी दिया गया. साल 2024-25 के लिए धान की बेतहाशा खरीद की गई. आठ लाख किसानों से 5770671.09 मीट्रिक धान की खरीद हो चुकी है. पिछले वर्ष (2023-24) तक इस अवधि तक 5380032.83 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी. पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3.90 लाख मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है.

222 माफिया एनकाउंटर में ढेर, 20,221 इनामी बदमाश गिरफ्तार

इस 8 साल में प्रदेश में पुलिसिंग की बात करें तो यह न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में उभर रही है। 8 साल में पुलिस ने एनकाउंटर में 222 दुर्दांत अपराधियों को ढेर कर दिया। एनकाउंटर में 8,118 अपराधी घायल हुए। 20,221 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया जबकि 79,984 पर गैंगस्टर की कार्यवाही हुई है। 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई के साथ 142 अरब से अधिक की संपत्ति को जब्त किया गया। जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास, 1,091 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा दिलाई गई। एसटीएफ ने वर्ष 2017 से अब तक 653 जघन्य अपराध घटित होने से पहले ही रोके। एटीएस ने 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या/बांग्लादेशी अपराधियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

योगी सरकार की पुलिसिंग बनी मॉडल

योगी सरकार की पुलिसिंग न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में उभर रही है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में हुए ऐतिहासिक सुधारों के कारण प्रदेश में अपराध दर में भारी गिरावट आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल संगठित अपराधियों और माफियाओं पर शिकंजा कसा है, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव भी मजबूत किया है।

# जेसीआई जौनपुर युवा ने शहीद दिवस पर शहीदों को किया नमन




**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जेसीआई जौनपुर युवा ने आज शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह पार्क में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जेसीआई के सदस्यों ने देश के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसी अवनीश केशरवानी ने की। इस अवसर पर जेसी एचजीएफ आलोक सेठ, सचिव जेसी राहुल प्रजापति, जेसी मोहित श्रीवास्तव, जेसी स्वतंत्र मौर्य, जेसी हर्षित केशरवानी सहित जेसीआई जौनपुर युवा के कई सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने शहीदों की स्मृति में मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके देशभक्ति व बलिदान को याद किया। सभी ने शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया। जेसीआई जौनपुर युवा के इस आयोजन से समाज को देशप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के अंत में शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सभी ने उन्हें नमन किया।

# यशवंत गौरव रहवासी संघ द्वारा आयोजित श्री हनुमंत कथा संपन्न



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पश्चिम में यशवंत गौरव रहवासी संघ द्वारा आयोजित श्री हनुमंत कथा का समापन आज 23 मार्च को संपन्न हुआ। कथावाचक राजीव कृष्ण महाराज जी के मुखारविंद से श्री हनुमंत कथा 16 मार्च से 23 मार्च को संपन्न हुआ। श्री कृष्ण महाराज ने हनुमान कथा में हनुमानजी के जीवन पर आधारित कई कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि हनुमान जी पवन के भांति चलने वाले वीर योद्धाओं थे। भगवान श्री राम प्रभू के सच्चे सेवक थे। कथा समापन के पश्चात शाम को हुए विशाल भण्डारे में अमित त्रिपाठी, डॉक्टर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र एवं ओमप्रकाश तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र, सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण किए।

# पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना रामपुर पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ एक शातिर आरोपी को किया गया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक देवानन्द के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 रामाश्रय कुशवाहान मय हमराह कर्म0गण द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-532/25 धारा 305,331(4), 317(2) बीएनएस संबंधित नामजद अभियुक्त ईदू खान उर्फ अकबर पुत्र इलियास खान ग्राम चितावनपुर(बनकटा) थाना कोतवाली देहात जनपद मिजार्पुर को दिनांक 22.03.2025 को समय करीब 23.22 बजे रात को घटना स्थल वादी के घर से पुलिस हिरासत मे लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है।

# होली स्नेह मिलन व कवि सम्मेलन सम्पन्न



मुंबई। देश की प्रतिष्ठित हिंदी पत्रिका सम्राट इंफार्मेशन के तत्वावधान में मैसूर आडिटोरियम, माटुंगा सेंट्रल मुंबई में होली स्नेह सम्मेलन व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। पत्रिका के प्रमुख संपादक राजेंद्र पांडेय ने सभी आगंतुक मेहमानों का स्वागत किया। हास्य कवि सुरेश मिश्र के सफल संचालन में गीतकार व पूर्व आयुक्त के.एस. मिश्र, कुंवर जावेद (कोटा), सुश्री सुहाना नाज (दिल्ली), अभिनेत्री व शायरा श्रीमती लता हया व डाक्टर राज बुंदेली ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कस्टम कमिश्नर विवेक पांडेय, महाराष्ट्र सरकार में पूर्व सचिव दीपक शेट्टी, जीवन बीमा के वरिष्ठ अधिकारी अनिल, मनोज कुमार, अशोक चारण, राजेश मिश्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। स्वागत समारोह का संचालन सुश्री नमिता वर्मा ने किया।

# मेडिकल कॉलेज में करंट से लाइनमैन की मौत

**लखनऊ(उत्तरशक्ति)।** राजधानी लखनऊ में रविवार को मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैन इकबाल अंसारी 11 हजार वोल्ट की लाइन में चिपक गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। करंट की चपेट में आकर उसका सहयोगी अल्ताब भी झुलस गया। वह करंट के झटके से सीढ़ी से नीचे गिर गया। इससे उसकी जान तो बच गई लेकिन, चोट आ गई। दोनों कर्मचारी बिजलीघर के ऑपरेटर गिरजा शंकर की जानकारी में लिखा-पढ़ी करने के बाद काम कर रहे थे। इसके बाद भी लापरवाही से बरती गई। काम के बीच में बंद लाइन चालू हो गई। इससे हादसा हो गया। चौक के अधिशासी अभियंता रमन ने बताया कि शाम करीब साढ़े तीन बजे मेडिकल कॉलेज पीआरओ ऑफिस के सामने इंटरलिकिंग फीडर के करंट ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से बिजली बंद हो गई थी। इस फ्यूज को बांधने के लिए सआदतगंज करीमगंज निवासी इकबाल अंसारी तीन अन्य साथियों के साथ मेडिकल कॉलेज परिसर गया था। जिस खतरनाक लाइन पर कर्मचारी काम कर रहे थे वह कैसे चालू हो गई। कहीं ऑपरेटर ने गलती से बंद फीडर को लाइनमैन से बात किए बिना ही चालू तो नहीं कर दिया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल, बंद बिजली बिना लाइनमैन से बात किए ऑपरेटर ने कैसे चालू कर दी। हालांकि, अंदेशा यह भी कि मेडिकल कॉलेज परिसर के जनरेटर के चालू होने से लाइन पर करंट दौड़ गया, जिससे भी हादसा हो सकता।

# अलीनगर: बंद रेलवे फाटक पार करते समय बाइक सवार दो फुटबॉल खिलाड़ियों की मौत

**चंदौली(उत्तरशक्ति)।** अलीनगर थाना के तारापुर स्थित बंद रेलवे फाटक पार करते समय बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई( दोनों फुटबॉल खिलाड़ी थे और खेलने निकले थे,दोनों ने कान में इयरफोन लगा रखा था। जिससे ट्रेन की आवाज नहीं सुन सके,गेटमैन भी चिल्लाता रह गया। ट्रेन में फंसकर बाइक 500 मीटर तक घिसटती गई। घटना से ट्रेन भी आधे घंटे तक रुकी रही। जानकारी के अनुसार, शहाबगंज थाना के अरारी गांव निवासी सुदर्शन पासवान का पुत्र प्रमोद पासवान (22) दयालपुर अपने ननिहाल में रहकर सेना में भर्ती की तैयारी में जुटा हुआ था। इसके साथ ही वह फुटबॉल का भी अच्छा खिलाड़ी था। वहीं, जीवनपुर गांव निवासी मुन्नीलाल का पुत्र आकाश यादव (22) भी फोर्स की तैयारी के साथ फुटबॉल खेलता था। दोनों दोस्त रोजाना की तरह रविवार की सुबह 6 बजे घर से तारापुर स्थित खेल मैदान में जाने के लिए बाइक से निकले। सुबह करीब साढ़े 6 बजे तारापुर स्थित रेलवे फाटक के पास पहुंच गए। इस दौरान फाटक बंद मिला तो बगल से मोटरसाइकिल को निकाल रेलवे लाइन पार करने लगे। इस बीच, दूसरी तरफ से ट्रेन आ गई। कान में इयरफोन लगा होने के कारण दोनों को गाड़ी की आवाज नहीं सुनाई दी। गेटमैन भी तेज तेज से चिल्ला रहा था। लेकिन सुनाई नहीं पड़ने पर ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पीडीडीयू नगर की तरफ जा रही मेमो गाड़ी के इंजन में फंसकर दोनों लगभग 500 मीटर दूर घिसटते गए। इसके कारण गाड़ी वहीं रुक गई। जानकारी होने पर पहुंचे रेल कर्मचारियों व अधिकारियों ने मोटरसाइकिल इंजन से निकाल गाड़ी को आगे रवाना किया। लगभग आधे घंटे तक गाड़ी रुकी रही। खेल मैदान में खेल रहे अन्य खिलाड़ियों ने दोनों युवकों की पहचान कर इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों की काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस संबंध में अलीनगर थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। दोनों युवा खिलाड़ियों के ऊपर परिवार का गर्व था। लेकिन इयरफोन ने दोनों परिवार के चिराग को बुझा दिया। प्रमोद की मई महीने में शादी होने वाली थी। आकाश के बहन की भी एक महीने बाद शादी होने वाली थी। लेकिन यह खुशी गम में बदल गई।

# कॅरियर काउंसलिंग फेयर एलन प्रारंभ में उमड़े स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स

**पटना (उत्तरशक्ति)।** दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना की ओर से आयोजित एलन प्रारंभ कॅरियर काउंसलिंग फेयर के लिए स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स में उत्साह देखने को मिला। यहां आशियाना दीघा रोड स्थित वाउज स्प्रिंग्स के ब्लॉक ए बिल्डिंग स्थित कैम्पस में आयोजित फेयर में 500 से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। इन्हें न केवल आने वाले वर्षों में कॅरियर को लेकर जानकारी दी गई,वरन मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं को लेकर विस्तार से समझाया गया। एलन के पीएनसीएफ हैड विशाल केजरीवाल ने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर 11वीं में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए यह फेयर दोपहर 4 से रात्रि 8 बजे तक हुआ। 4 बजने के साथ ही स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स का पहुंचना शुरू हो गया। यहां रजिस्ट्रेशन के साथ ही काउंसलिंग, गेम्स और एक्टिविटीज पार्टिसिपेशन को लेकर गतिविधियों की जानकारियां दी गई। एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को मल्टीपल कॅरियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी दी। इसमें इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के साथ-साथ नीट के माध्यम से एमबीबीएस व अन्य




चिकित्सा सेवा क्षेत्र की सेवाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद स्टूडेंट्स एक्टिविटी एरिया में पहुंचे। यहां उन्होंने कई खेल खेले, बैलून शूटिंग, जम्पिंग, गेम्स के साथ-साथ अपनी रूचि के फूड का भी आनन्द लिया। इस दौरान कई कम्पीटिशन भी करवाए गए, जिनमें भाग लेकर स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स ने आकर्षक इनाम जीते। सेंटर हेड चेतन शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं के बाद विद्यार्थियों को एक खुला मंच देते हुए तनाव मुक्त वातावरण में आगे की राह के बारे में जानकारी देना है। हम चाहते हैं स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स दोनों रुचि एवं सहमति से कॅरियर की राह चुनें और सफलता प्राप्त करें।

# सीईपीसी की निर्यातकों से मशीनमेड को हैंडमेड कालीन बताकर न बेंचने की सलाह

## इससे न सिर्फ कारपेट इंडस्ट्री, बल्कि देश की भी बदनामी होती है : चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति की बैठक में जम्मू-कश्मीर सहित अन्य इलाके के कुछ निर्यातकों द्वारा मशीनमेड को हैंडमेड कालीन बताकर बेचे जाने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में ऐसा करने वाले निर्यातकों से अपील की गयी है कि वे मशीन निर्मित कालीनों को हाथ से बने कालीन बताकर खरीदारों को ना बेचें, इससे न सिर्फ इंडस्ट्री की बदनामी होती है, बल्कि देश की भी छबि खराब होती है।

सीईपीसी चेयरमैन कुलदीप राज वट्ठल ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर के निर्यातकों से शिकायत मिली है कि कुछ निर्यातक मशीनमेड कालीनों को हैंडमेड कालीन बताकर धड़ल्ले से विदेशी खरीदारों को बेच रहे है, जो गलत है। उनकी सलाह है कि निर्यातक हैंडमेड को हैंडमेड व मशीनमेड को मशीनमेड कालीन बताकर ही बिक्री करें। उनकी अपील है कि निर्यातक इस तरह के हरकतों से दूरी बनाएं, वर्ना मंदी के दौर से गुजर रहे हस्तनिर्मित उद्योगों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा, बल्कि फर्मो में ताले लगने की भी नौबत आ सकती है। इसलिए हस्तनिर्मित कालीनों की आड़ में मशीन से बने कालीन को बेचने से बचें, अन्यथा व्यापार इसका दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने निर्यातकों से अपने हस्तनिर्मित कालीनों के जीआई टैगिंग, परीक्षण और प्रमाणन के लिए विभाग से संपर्क करने का आग्रह किया हैं। क्योंकि इससे इंडस्ट्री की समृद्ध



विरासत की छवि खराब हो रही है। उनका कहना है कि मशीन से बने तुर्की कालीनों को पर्यटकों और अन्य खरीदारों को कश्मीरी हाथ से बुने कालीनों के रूप में बेचा जा रहा है, जिससे देश की छवि खराब हो रही है। निर्यातकों से उनकी अपील है कि उत्कृष्ट हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए वे अपने उत्पादों के भौगोलिक संकेत (जीआई) टैगिंग, परीक्षण और प्रमाणन के लिए हस्तशिल्प और हथकरघा विभाग से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मामले को कपड़ा मंत्रालय (एमओटी) और प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) सहित सर्वोच्च अधिकारियों तक पहुंचाया, ताकि इस तरह के धोखाधड़ी वाले व्यापार को रोका जा सके। उनका कहना है कि इस तरह की अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए, समिति भारत सरकार को एक समर्पित प्रवर्तन दल के गठन की सिफारिश करेगी, जो छापे मारने और उन व्यवसायों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा, जिन पर मशीन से बने कालीन बेचने का संदेह है या जो ऐसा करते पाए गए हैं।

सीईपीसी के चेयरमेन कुलदीप राज वट्टल, जम्मू और कश्मीर के सीओए सदस्यों शेख आशिक, शौकत खान और मेराज जान और अन्य क्षेत्रों के सदस्यों ने हस्तनिर्मित कालीनों की प्रामाणिकता को संरक्षित करने और उन कारीगरों की सुरक्षा के लिए परिषद की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिनकी आजीविका इस पारंपरिक शिल्प पर निर्भर करती है। सीईपीसी भारत की हस्तनिर्मित कालीनों की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने के लिए समर्पित है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से समर्थन और सहयोग करेगी कि इस तरह के अनुचित व्यापार प्रथाओं को समाप्त किया जाएं। यह भ्रामक प्रथा भारत के हस्तनिर्मित कालीन उद्योग की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा रही है और हजारों कारीगरों, बुनकरों, खासकर कश्मीर क्षेत्र के लोगों की आजीविका को खतरे में डाल रही है।

# जनपदस्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता 26 को

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष पर जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में जिलास्तरीय जूनियर (अण्डर-18) बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 26 मार्च को सिझवारा फुटबाल मैदान केराकत में आयोजित कराया जायेगा। इच्छुक टीमें अपनी प्रविष्टि 24 मार्च की अपरान्ह 5 बजे तक जिला खेल कार्यालय में उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरी को अथवा मनीष निषाद (8355840980) केराकत को दे सकती हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2007 के पूर्व की न हो। फुटबाल टीम में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक की संख्या 16+1 होगी। जूनियर आयु वर्ग की प्रतियोगिता में जनपद की कुल अधिकतम 8 टीमों को प्रविष्टि दी जायेगी। प्रविष्टि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जायेगी। खिलाड़ी आयु सत्यापन के लिए आधार कार्ड एवं हाईस्कूल का मूल प्रमाण पत्र अपने साथ लेकर आयेंगे। आयु निर्धारण के लिए इन्हीं अभिलेखों को आधार माना जायेगा। विद्यालय की टीमें अपनी प्रविष्टि विद्यालय के प्रधानाचार्य या खेल अध्यापक के माध्यम से करायेंगी। साथ ही क्लब की टीमें सचिव/प्रशिक्षक/कप्तान के माध्यम से करायेंगी। प्रतियोगिता समाप्ति उपरान्त विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार राशि खिलाड़ियों के खाते में दिया जायेगा। यह जानकारी चन्दन सिंह क्रीड़ा अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने धूमधाम एवं सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया बिहार दिवस

**पटना (उत्तरशक्ति)।** इंडियन पीपल्स फोरम (आईपीएफ) बिहार काउंसिल ने होटल क्रिस्टल प्लाजा, शारजाह, यूएई में बिहार दिवस का भव्य आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से यूएई में रहने वाले बिहारी प्रवासियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। यह आयोजन बिहार की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और भारत तथा विश्व में उसके योगदान को समर्पित था। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिनमें आर.के. महतो (आईपीएफ बिहार काउंसिल के संयोजक एवं एनआरआई उद्योगपति), मनीष सिन्हा (बीजेपी बिहार एनआरआई सेल के संयोजक), शिल्पा नायर (आईपीएफ केंद्रीय समिति की उपाध्यक्ष) और सुल्ताना फारूक काज़िम (एक अमीराती अंतरराष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे।



सभी ने प्रेरणादायक भाषण दिए और बिहार के ऐतिहासिक महत्व, सामाजिक-आर्थिक प्रगति, और बिहार के विकास में प्रवासी बिहारी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कलारंजनी ग्रुप का सांस्कृतिक प्रदर्शन रहा, जिसमें भोजपुरी, मैथिली और मगही लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। उनके भावपूर्ण गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और बिहार की समृद्ध संगीत परंपरा का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया, जिससे प्रवासी बिहारी समुदाय में उत्साह एवं गर्व की भावना जाग्रत हुई। बिहार के कई सम्मानित राजनेताओं ने ऑनलाइन वीडियो संदेश के माध्यम से बिहार दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और बिहार तथा उसके लोगों के योगदान को सराहा। संदेश देने वालों में शामिल थे : सम्राट चौधरी झ उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, बिहार सरकार, नितिन नवीन झ पथ निर्माण मंत्री, बिहार सरकार, दिलीप जायसवाल झ अध्यक्ष, बीजेपी बिहार इकाई रवि शंकर प्रसाद झ पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं संसद सदस्य, अश्विनी कुमार चौबे झ पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, डॉ. संजय जायसवाल झ संसद सदस्य, जनार्दन सिकरवार झ संसद सदस्य एवं चंदन तिवारी झ बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका सभी ने प्रवासी बिहारी समुदाय को शुभकामनाएं दीं और आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा बिहार की विरासत को विदेशों में जीवंत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की।

# कोतवाली में तैनात सिपाही ने खुद को मारी गोली

**रामपुर (उत्तरशक्ति)।** रामपुर की टांडा कोतवाली में तैनात सिपाही अंकित ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर खुद को गोली मार ली। अचानक हुई इस घटना से पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत उसके आवास पर पहुंचे। गंभीर हालत में सिपाही को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अतुल कुमार श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी (सीओ) कीर्ति निधि आनंद मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर सिपाही की हालत का जायजा लेते हुए पूरे मामले की जानकारी ली। सिपाही के खुद को गोली मारने की घटना के बाद पूरे थाने में अफरा-तफरी मच गई। साथी पुलिसकर्मियों का कहना है कि अंकित पिछले कुछ दिनों से तनाव में लग रहा था, लेकिन उसने किसी से कोई परेशानी साझा नहीं की थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिपाही की व्यक्तिगत या ड्यूटी से जुड़ी किसी परेशानी के चलते यह कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने सिपाही के परिजनों को सूचना दे दी है और वह अस्पताल के लिए रवाना हो चुके हैं।

टांडा में हुई इस घटना से पहले मुरादाबाद में भी यूपी-112 सेवा में तैनात सिपाही अमित कुमार ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने सुसाइड नोट में कई गंभीर आरोप लगाए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं ने पुलिस विभाग में चिंता बढ़ा दी है। पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और ड्यूटी के दबाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख

**पवई।** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली के झूलते तार फसलों पर आफत बनकर टूट रहे हैं। पवई के बागबहार विद्युत उपकेंद्र के पास बस्ती चक गुलरा गांव में शार्ट सर्किट से खेतों में आग लगने से 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगलगी से करीब 25 किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। शनिवार दोपहर 2 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग फैलती ही गई। आग लगने की सूचना पर तीन गांवों के ग्रामीण जुट गए। आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। लेकिन, काफी देर बाद फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच सकी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक 12 बीघा गेहूं की फसल जल चुकी थी।

# समाजवादी कुटिया के बच्चों ने डा. लोहिया को किया याद



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जनपद के धमापुर विकास खण्ड क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में स्थित समाजवादी कुटिया में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव एडवोकेट ने बच्चों के साथ लोहिया जी चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही श्री यादव ने बताया कि बच्चों को नित्य की भांति फल, दूध, बिस्किट का वितरण किया गया है। बच्चों को लोहिया जी के विचारों से अवगत कराते हुये उन्हें समाहित के प्रति उत्तरदायित्व को रेखांकित किया गया। बता दें कि कोरोना काल में स्थापित समाजवादी कुटिया अनवरत रूप से बच्चों की सेवा व असहाय लोगों की निरंतर मदद करने में अग्रसर है। यह सिलसिला सभी के आशीर्वाद से निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर समाजवादी कुटिया के शिक्षक श्रीचन्द, उमाशंकर यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रमेश मिश्रा ने दिल्ली में चलाई साइकिल, मोटापा मुक्त भारत का संदेश




**नई दिल्ली।** साइकलथॉन फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) ने फिट इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ऱसंडेज ऑन साइकल्स का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री के मोटापा मुक्त भारतऱ के दृष्टिकोण को साकार करना है।

देशभर में 35 स्थानों पर साइकलथॉन का आयोजन किया गया, जिससे फिटनेस और सक्रिय जीवन शैली का संदेश फैला। लखनऊ संस्करण में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री,भारत सरकार, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, और खेल मंत्री उत्तर प्रदेश, गिरीश चंद्र यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दिल्ली संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चंद्र मिश्रा, विधायक बदलापुर, और PEFI के गणमान्य सदस्य डॉ. ए.के. बंसल (अध्यक्ष, PEFI) व डॉ. पीयूष जैन (राष्ट्रीय सचिव, PEFI) मौजूद रहे। दिल्ली में 1700 से अधिक साइक्लिंग उत्साही इस आयोजन में शामिल हुए और इसे एक बड़ी सफलता दिलाई।










